foreign technology, for higher production, for increasing exports, for expanding the production base, etc. I would agree there. But there is no way in which we are assured...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN) : Can we continue after lunch ?

PROF. M. G. K. MENON : I will finish in just a few minutes.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN) : You have got about seven minutes. How long will you take to finish ?

SHRI JAGESH DESAI (Maharashtra) : He can develop his point now and continue later.

PROF. M. G. K. MENON : All right. I will continue after lunch.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN) : The House now stands adjourned for lunch till 2-30 P.M.

The House then adjourned for lunch at thirty-one minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at thirty-three minutes past two of the clock, **The Vice-Chairman (Shrimati Sushma Swaraj)** in the Chair.

DISCUSSION ON THE WORKING OF THE MINISTRY OF INDUSTR —*contd.*

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : भोजनावकाश से पहले उद्योग मंत्रालय के कार्यकलाप पर चर्चा चल रही थी। प्रो० एम० जी० के मेनन अपनी बात कह रहे थे। अभी उनका समय समाप्त नहीं हुआ है। प्रो० एम० जी० के० मेनन के अभी 7 मिनट बाकी हैं। श्री मेनन अपनी बात जारी रखें।

PROF. M. G. K. MENON : Madam Vice-Chairperson, it is a pleasure for me to address the House under your presence and under your Chairpersonship.

I would like to continue from where I left off before the House adjourned for lunch. I was at the point where I was defining the whole question of self-reliance. I had quoted from the Congress (I) Manifesto and what was also contained in the Statement on Industrial Policy (1991), which was issued by Government. I will read it once again, Madam Chairperson :

> "Foreign investment and technology will be welcomed to obtain higher technology, to increase exports and to expand the production."

I am not quite clear, how this is going to come about or be ensured; namely, we are encouraging foreign investments certainly, but how do you ensure that they bring higher technology ? We just don't know anything about that. Secondly, to increase exports, there is no commitment on their part to increase exports.

The basic policy is simply that we do not want any such industries that are set up to be a drain on our own foreign exchange resources, which means that we expect the capital to come in as foreign equity to set up the industry, and we also expect that there will be export earnings sufficient or adequate to meet the requirements of their imports. It does not mean that they will really provide in any significant way foreign exchange to the country for our other needs. As has been repeatedly pointed out, we have large foreign exchange needs to import oil and petroleum products, edible oils and a whole range of items in Defence, other crucial sectors, and so on. And for this, we need foreign exchange. That is the whole basis for the export drive. But I do not see that there are any aspects in the Industrial Policy which will ensure either of these two elements contained in paragraph 13 of the Industrial Policy, 1991.

I also visualise that there will be a problem relating to our own indigenous technology. Over a long period of time, since

[Prof. M. G. K. Menon]

Independence, we have built a major base in the country for science and technology. We have seen the successes of that base in what are some of the most sophisticated areas. Nobody can tell me that much of industrial production is more sophisticated than the entire area of nuclear energy. That is a field, in the nuclear right from prospecting for uranium up to designing of 500 MW reactor and the whole range of technologies connected with it, we are self-reliant. Again, in the space programme, to a great extent we have achieved self-reliance. But one has seen, whenever one has to go outside the country for anything, the conditionalities of which the most recent one relating to our collaboration with the Soviet Union rocked the Houses of Parliament in the last few days. Therefore, we have demonstrated that our science and technology can deliver. What use are we making of the science and technology for our industrial development? How do we harness this? Where is the related science policy? Where is the related technology policy? I am afraid, Madam Chairperson, the way the policy currently operates, apart from the fact that there are people who will still continue to go abroad, the so-called brain drain, we will have many from the so-called national industries moving mover to the foreign-owned industries within the country itself. And I see no compulsions for research and development to be done here. The Time is short, otherwise, I would have given detailed statistics to show that very seldom is research and development in high technology areas done by the multinationals in the countries in which they operate. Practically, all of it is done in their own countries of origin. On this particular aspect, I would like to point out that one of the most remarkably successful countries, Japan, has not just left everything to happen by itself. They have a Ministry which is called MITI, and the hon. Minister for Industry is certainly familiar with it. It involves a combined action by Government and Japanese national industry working together in order to ensure the accomplishment of pre-defined tasks of national importance. I see no indication that we are proceeding along those lines either.

I also see that in the case of the public sector, there are many statements which have been made and they are all here, in the Industrial Policy (1991); and there have been detailed discussions on it in the House; the Point is made that one is not entirely satisfied with the performance of the public sector for a variety of reasons. But I would request the hon. Minister for Industry to let the public sector operate the way the private sector is allowed to operate, entirely autonomously, on the same commercial conditions and terms, and not to go and impose on what should be a commercial sector ... a whole set of other considerations, social considerations as well as bureaucratic conditionalities, that obtain in Government. I do not see in any private sector ...

SHRI JAGESH DESAI : That is reserved for the private sector, and not for the public sector.

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : जगेश जी, आपका भी नाम है। जब आप बोलेंगे तो अपनी बात जरूर कहिये।

PROF. M. G. K. MENON : The point I am making is this. I have not seen in any private sector such considerations. For example, a person has to retire at the age of 58 because that is the retirement age in the Government itself. Why should we impose such rigid conditions on the public sector? We know how private sector appointments are made and what commercial basis they operate on. The question is, are we permitting our public sector to operate in the same manner? I think we are not doing it. Simply, Memoranda of Understanding and the like are not the means, are not the ways, in which one can ensure that they are autonomous.

I would also, very specifically, draw the attention of the hon. Minister of Industry to some areas of clear hold-up which need to be resolved on an urgent basis. As I

said earlier, there are many procedural aspects. For example, let us have just one office to deal with all aspects of social security instead of thirty odd required at present, each of which has to be satisfied separately. Again, for example, has any discussion taken place on the matter of octroi ? This is a sensitive matter. We have dealt with it before. It is assumed to be earnings by an individual centre, profit centre; municipality, transfer point. But when one looks at the amount of delay that is taking place in this area, the enormous amount of fuel wasted by the industry on the road, one knows that it is again a non-productive way of handling finances. The third relates to the whole manner of excise transactions that take place between the places where the spare parts are made, the primary inventory items are made, components and raw materials are made and the final manufacture takes place, and the places of their coming out. This, again, is a major procedural bottleneck, not only from the point of view of normal industrial production, but, certainly, a major hold-up as far as export production is concerned.

There are a large number of detailed issues which I could bring up, and to which I could draw your attention. However, I notice that my time is up. What I would like to urge, most of all, is what I said in the beginning. In my view, the Ministry of Industry has to define its role. Its role is to ensure that we get from the point where we are, today, in terms of production, in terms of exports, in terms of employment, to a certain point, five years from now. It must define the ways in which it will achieve it. It is not enough to make a statement that from an average growth rate of 6-7 per cent in exports, we will achieve a growth rate of 13-14 per cent. They must spell out how they will achieve it. This means a harmonisation of a variety of other policies; fiscal and trade policies, labour policies, science and technology policies, as well as infrastructural policies. Their major task would be to ensure that this comes about.

I would, therefore, urge upon the Ministry of Industry to see that a Cabinet Committee is set up for this purpose, for co-ordination, to achieve the target which they must set out to achieve. Otherwise, purely by this opening up, in terms of liberalisation, we will not be able to achieve what we intend to achieve in this country. We will have to do this, if we have to make progress, provide employment, develop science and technology and achieve self-reliance. Thank you.

श्री जगेश देसाई : मैडम,

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : आप अपनी बारी पर बोलेंगे ।

श्री जगेश देसाई : इसके बारे में नहीं, मुझे एक और बात कहनी है ।

Madam, the most sophisticated and modern missile 'Prithvi' was to be launched today, between 9.30 a.m. and 2.30 p.m. It is already 2.30 p.m. now. What has happened to that ? We would like to know. The concerned Minister should inform us whether it has been successfully launched. We would like to pay our compliments to our defence personnel, technicians and others, who are connected with this. Therefore, we would like to know about the launching.

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज): मैं अभी जानकारी लेती हूं । जानकारी मिलने के बाद सदन को उससे अवगत कराऊंगी ।

SHRI RAJNI RANJAN SAHU (Orissa) : Madam Vice-Chairman, I am obliged to you for giving me an opportunity to say something on the working of the Ministry of Industry, that too after Prof. Menon, who himself, once upon a time, was a Scientific Adviser to the Government of India, and here we are benefited with his valuable advice and suggestions. I hope the hon. Minister, who is not here, will take note . . .

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB) : I am taking notes.

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry) : The Parliamentary Affairs Minister is substituting him and he will pass them on to the Industry Minister.

SHRI SHANKAR DAYAL SINGH (Bihar) : Are you speaking on Industry or on Prof. Merion ?

SHRI RAJNI RANJAN SAHU : I must pay compliments to him for his valuable suggestions and advice. Why are you feeling jealous ? (*Interruptions*). I will pay compliments to you also when you speak.

श्री शंकर दयाल सिंह : आपके चेयर पर बैठते ही ये हिन्दी से अंग्रेजी में बोलने लगे ।

श्री रजनी रंजन साहू : इनके सामने हिन्दी में बोलना अच्छा नहीं लगा क्योंकि ये खुद ऐसे हिन्दी दां हैं जो मुझे शर्म आती है । इसलिए अंग्रेजी में बोलने का हमने बहाना ले लिया ।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : यह कोई कारण नहीं होना चाहिए हिन्दी न बोलने का । आपकी अपनी मर्जी है आप जिसमें बोलें मगर यह कारण नहीं होना चाहिए ।

श्री शंकर दयाल सिंह : इनको देखकर आपकी अनुभूति और भी हिन्दी में जागृत होनी चाहिए । आप तो उल्टी बातें कर रहे हैं ।

SHRI RAJNI RANJAN SAHU : When we discuss the Ministry of Industry we are reminded of the new Industrial Policy which was given to this country by our hon. Prime Minister last year. A set of measures introduced in the policy were designed to deregulate the industrial economy in a substantial manner. Madam, we have given so many slogans and they are on the first page of the report, the slogans read like : '1991 year of change of Indian economy', 'Indian industry, the challenge of the 90s' 'New policy for small scale industries' 'globalisation of business industry', 'India in the new world order'. These are the catch words and slogans of our new industrial policy. Major initiatives have also been taken in the area related to industrial licensing, foreign investment and foreign technologies, MRTP Act and public sector. I do not want to go into the details of the new policy but I can visualise that the new industrial policy measures are meant for development of the health of the industry as a whole. We have introduced a new open policy for licences.

So, these are the features which the new industrial policy has given to us. The most important feature, as I have said, is to deregulate, to debureaucratise and to simplify the procedure.

The scheme in the Eighth Five-Year Plan at a cost of Rs. 25—30 crores with Growth Centres and basic infrastructural facilities like power, water and telecom is a laudable scheme, and the Government has already identified 63 Growth Centres. The overall industrial growth is dependent, to considerable extent, on the growth of infrastructural industries. The composite growth of six infrastructural industries comprising of electricity, coal, saleable steel, crude petroleum, petroleum refinery products and cement has recorded an enhancement of Rs. 28.8 crores, a growth rate of 7.3 per cent.

When we discuss the demands for grant, we should also discuss the working of the Ministry. The Ministry consists of the Department of Industrial Development, the Department of Heavy Industry, the Department of Public Enterprises and the Department of SSI and RI. But the point is that there is no coordination in each wing, there is no coordination in the Ministry itself nor there is any coordination with the other Ministries.

We have liebralized industrial licensing and we have also given so many facilities. But, for any industry, what we need first of

all is land. And land belongs to the State Government. What we find in practical life is that whenever someone goes to set up an industry, there is a lot of difficulties in getting the land. One has to run from pillar to post for that, one has to run to the Electricity Department and then for finances. So, when we discuss the Ministry of Industry, we will have to take into consideration all these elements, all the requirements necessary for starting and running an industry, and all these should be made available to an industrialist. Then only the entire policy of liberalization would be fruitful.

We have seen that sometime back, in the State, the single window system was introduced. But that has not worked. That has got to be set right. That was a very good scheme under which, at a single place, one was able to get allotment of land, electricity, finances, etc. But the most difficult part of their difficulties came to them from the financial institutions and the banking sector. I think the Industry Ministry has got no control over those departments, and most industries, most of the industrialists are facing acute problem of finances, especially in regard to working capital. The hon. Minister will have to think over this. As suggested by Prof. Menon, there should be coordination among the departments, and there should be a committee, and everything should be done quickly and promptly.

Madam, due to all these difficulties, though there was a moderate increase in the capital issues for raising funds from the capital market, the number of approvals granted by the Controller of Capital Issues rose from 847 during 1989-90 to 918 during 1990-91, in terms of value, however, capital issues registered a decline from Rs. 13,028 crores during 1989-90 to Rs. 9,261 crores during 1990-91. The approvals in 1990-91, April—September, at Rs. 6,445.7 crores showed a decline of 10.7 per cent as compared to the previous year. So, I think, these are the difficulties due to which there have been these problems.

About financial assistance, there has been a difficulty in obtaining finances. So, as a result, the financial assistance sanctioned by all financial institutions for the year 1990-91 was Rs. 20,531.5 crores compared to Rs. 16,005.4 crores for the previous year. That has shown a rise of 28.3 per cent. But the financial assistance sanctioned by all-India financial institutions in 1990-91 was Rs. 7,010.6 crores which has shown a decline of 0.2 per cent over the corresponding period of 1989-90. There was a sharp decline in the resources raised by the corporate sector through the primary market in 1990-91 as compared to the previous year.

In our country the most important sector is the small-scale industrial sector. This sector has got a potential base, and it gives employment also. This sector has not been properly cared for by this Ministry from the very beginning. The performance of the small sector which the hon. Minister might be aware of, has been quite impressive during the Seventh Five-Year Plan. The employment also in this sector is much more than in the large sector and the medium sector. That has increased from 119.60 lakhs at the end of 1989-90 to 124.30 lakhs during 1990-91. It is likely to be 126 lakhs in 1991-92. The production has also increased considerably in the Seventh Plan. The growth is estimated to be 12.7 per cent. So, I would urge upon the hon. Minister to take care of the small-scale industries. A special cell for monitoring the progress in the small-scale industries should be set up, because we have seen if more and more employment opportunities are to be given it is only through the small-scale industries.

3.00 P.M.

Lastly, I cannot forget to mention about the Khadi and Village Industries, which have got roots in the villages. Khadi and Village Industries constitute an important segment of the industrial economy of our country. I have myself seen in our area that this industry gives additional employment and earnings to the family members of those who are working outside. The ladies are also being employed for spinning

[SHRI RAJNI RANJAN SAHU]

Ambar Charkha.- I feel the hon. Minister has forgotten to give importance to it. It had been envisaged in the very early stage that the khadi and village industries are the solution for giving employment to our growing rural population. If the rural people get employment in their own areas, they will not rush towards the urban areas. So, I would urge upon the hon. Minister to give due importance to khadi and village industries also. He has already given importance to large and medium industries. Small-scale and khadi and village industries also need to be given greater attention.

I would now say a few words about the public sector industries. There has been a lot of controversy about their contribution and a debate has been going on. My friend, Mr. Jagesh Desai, is here. He will enlighten us on its role. I am one for public sector undertakings. They should be given autonomy with accountability. We should not have an approach of just closing them down on the flimsy ground that they have incurred losses. Rather their personnel and management should be improved. We have not taken care to improve the management. I have seen a person, who was liable for punishment has been promoted in one of the public sector undertakings to the level of CMD. All through his career in the public sector undertaking he had been spending lavishly and was not doing the marketing properly. He had ruined the industry. But, in spite of that, he had been promoted to the position of CMD. All these things should be looked into. The Government should give its mind to the public sector undertakings once again. Referring them, to BIFR is no solution. BIFR itself is a sick unit. Recently I have seen in papers that it is facing manpower crisis. They don't have personnel to dispose of the pending cases. I know the hon. Minister has no control over BIFR, but these are inter-linked. You cannot improve the industrial climate or bring industrial culture merely by giving slogans or catchwords. You will have to ensure proper coordination between each and every department.

श्री रामदास अग्रवाल (राजस्थान) : उ सभाध्यक्ष महोदया, आज इस सदन में हम उद्यो मंत्रालय की समीक्षा, विवेचना या उसका आंकल अथवा कहिए उसके कार्यकलापों पर विचा विमर्श कर रहे हैं। इस अवसर पर मैं उद्यो नीति के विषय में बोलने के पश्चात्, कुछ श उस पर कहने के बाद उद्योग मंत्रालय से सम्बन्धि जो बातें हैं, उस पर कहूँगा।

महोदया, नीतियां पहले उद्योग की बनाई उनका संचालन किया गया, उसके लिए कानू कायदे बनाए गए, रूल्स रेगुलेशन बने। कांग्रे ने उन नीतियों के आधार पर देश के औद्योगि ढांचे का निर्माण किया। उन्हें उस पर ग होना चाहिए था कि उन्होंने एक ऐसा ढां हिन्दुस्तान को दिया, जिससे देश का औद्योगि विकास हुआ, जिससे देश में रोजगार पर लोगों की तरक्की हुई, गांव से लेकर शहर त रहने वाले व्यक्ति का विकास हुआ, रेगिस्ता अंचलों से लेकर पहाड़ी अंचलों तक रहने व गरीब व्यक्ति को अपनी विकास की गंगा प्रवाहित होने का, स्नान करने का अवसर मिल मैं नहीं समझता कि इस आधार पर आज हमा कांग्रेस की नई सरकार भी गौरव कर सकती है उन्होंने इसी बात को अनुभव किया, इसी चीं को देखा कि क्या सोचा था और क्या हो गया हमने सोचा था, गरीब व्यक्ति का विकास होग हमने सोचा था उसको तरक्की का अव प्राप्त होगा, उसके दो हाथों को रोजगार मिलेग उद्योग-धंधा उसके गांव तक जाएगा, लेकि हुआ इसके बिल्कुल विपरीत। इस गौ का अनुभव हमारे कुछ मित्र कर सकते हैं हमने हिन्दुस्तान के पच्चीस-पच्चास घरा को, हमने हिन्दुस्तान के तीन सौ बड़ी कारपो कंपनी को, जिनकी संपदा कुछ करोड़ों में देश की आजादी के समय, उन्होंने आ औद्योगिक क्षेत्र था, अपनी औद्योगिक संप का इतना विस्तार कर लिया कि आज उन संख्या को गिनने में हजारों करोड़ लिख

पड़ता है । क्या यह गौरव की बात है ? क्या यह प्रसन्नता की बात है ? और, क्या यह संतोष की बात है कि हमने पचास लोगों को तो करोड़ों से हजारों करोड़पति बनाया, तीन सौ कारपोरेट कंपनियों को हिन्दुस्तान के अन्दर उद्योग को विकास करने का ठेका दे दिया ? लेकिन महोदया, गरीब, आज भी गरीब है । आज भी उसके दो हाथ रोजगार के लिए तरस रहे हैं । आखिर, ऐसी नीति का संचालन क्यों हुआ ?

महोदया, मैं एक उदाहरण अगर आपको देना चाहूं तो निवेदन करना चाहता हूं की भागीरथी गंगा, भगवती गंगा हिमालय की ऊंची उत्तंग शिखरों में घूम रही थी, उस समय वह जनकल्याणी नहीं थी, उस समय वह जन-जन से सम्बन्धित नहीं थी, वह भागीरथी गंगा पवित्र थी वह बात सही है, वह वहां पर बस रही थी, चल रही थी, अपनी गति को बनाए हुए थी, लेकिन महोदया, वह गंगा जनकल्याणी तब बनी जबकि हिमालय की गुफाओं को तोड़ती हुई, पहाड़ों को चीरती हुई, मैदानों में से निकलती हुए सागर में जाकर मिली । ... जब अथाह सागर में जाकर के गंगा, मिली तभी वह जनकल्याणी बनी और कल्याण के मार्ग को उसने प्रशस्त किया । महोदया, मैं कहना चाहता हूं आज अपने कांग्रेसी नेताओं से कि आपने अपनी औद्योगिक नीति का ढांचा इस प्रकार से बनाया जिससे कि कुछ ही लोगों के बीच में देश की सारी सम्पदा, औद्योगिक घरानों के बीच में ही इकट्ठी हो गई । यह जन कल्याणी नीति नहीं है । अगर जन कल्याणी नीति बनानी है तो आपको भागीरथी प्रयत्न करना होगा, आपको उन लोगों तक उद्योग को ले जाना होगा जो गांवों में बसे हैं, जो पहाड़ों में बसे हैं और जो रोजगार के लिए आज आजादी के 43 साल बाद भी तरस रहे हैं । मैं उद्योग मंत्रालय की बातों पर निवेदन करने के साथ-साथ इतना ही और निवेदन करना चाहता हूं कि यद्यपि अब कांग्रेस ने यह बात रिएलाइज की है, यह बात अनुभव की है कि गलती तो हो गई, उन्होंने समाजवादी ढांचे की कल्पना की थी लेकिन सारी पूंजी हिन्दुस्तान की या तो कुछ पूंजीपतियों के हाथों में इकट्ठी हो गई या फिर वह सारी की सारी पूंजी हमारे देश के सरकारी उद्योग के साथ संलग्न हो गई, देश के सरकारी उद्योगों के साथ पूंजी जुड़ गई, देश की 300 कारपोरेट बॉडी के साथ देश की सम्पदा जुड़ गई और बाकी का सारा देश ऐसे का ऐसा खड़ा रह गया । आज आपने इस बात का अनुभव किया है, यह अच्छी बात है आज आपने अपने समाजवादी शिकंजे को ढीला किया है यह अच्छी बात है । आपने परिवर्तन के लिए अपनी आवाज को उठाया है, यह अच्छी बात है । परिवर्तन का हम स्वागत करते हैं । हम परिवर्तनशील जगत में रहते हैं और परिवर्तन होना चाहिए, लेकिन मैं निवेदन करना चाहता हूं महोदया, कि कांग्रेस ने परिवर्तन की इस श्रृंखला को स्वीकार करने में बहुत समय गंवा दिया और वह बहुमूल्य समय हमारे देश की आर्थिक रचना के लिए बड़ा घातक साबित होगा । यह जो समय हमने गंवा दिया है उसको वापस लाना तो कठिन होगा लेकिन मैं निवेदन करना चाहता हूं उद्योग मंत्रालय से, मैं उनसे कहना चाहता हूं जो देश के उद्योग को फिर से पुनः जीवित करना चाहते हैं, उनकी पुनः रचना करना चाहते हैं, कि यह अत्यंत आवश्यक है कि आप ऐसी नीतियों को उजागर करें, ऐसी नीतियों का निर्धारण करें, ऐसी नीतियों पर आचरण करें जिनके माध्यम से सब जगहों पर उद्योग लगाए जाएं । यदि इस परिवर्तन के दौर में आप फिर चूक गए या आप फिर भूल गए या आप फिर गड़बड़ कर गए और फिर आने वाले समय में यदि गरीब गरीब बना रहा और पूंजीपति यदि पूंजीपति बनता चला गया, तो मैं बड़ी दृढ़ता के साथ यह बात कहना चाहता हूं कि देश का जवान, जो खड़ा हुआ है, आज जो जागृत अवस्था में है, वह इस स्थिति को स्वीकार नहीं करेगा । इसलिए आवश्यक है कि हमारी औद्योगिक नीति मानव को साथ लेकर बने, किन्हीं घरानों को, किन्हीं मल्टीनेशन्स को, किन्हीं बड़ी कम्पनियों को दृष्टि में रखकर न बनाई जाए । उसका आधार होना

श्री राम दास अग्रवाल

चाहिए—मानव, भारत का मानव, भारत का गरीब, भारत का किसान, भारत का नौजवान यह उसका आधार होना चाहिए। यह मानवीय दृष्टिकोण यदि औद्योगिक नीति में नहीं आएगा तो बाकी नीतियां आप जितनी बनाएंगे, वे सब केवल मृगतृष्णा साबित होंगी या केवल आत्म-प्रवंचना साबित होंगी। इस औद्योगिक नीति के बारे में इतनी बात कहते हुए मैं आगे बढ़ना चाहूंगा।

महोदया, इस सारे औद्योगिक वातावरण में जो इस समय देश में बनाया गया है आर्थिक ढांचे में जो परिवर्तन का एक नया दौर हम कह रहे हैं कि शुरू हुआ है मैं जानना चाहता हूं कि इस बजट में और इस औद्योगिक नीति में भी आपने फिर से व्यक्ति को भुला दिया है, भारत के किसान को भुला दिया है, भारत के मजदूर को भुला दिया है, भारत के जवान को भुला दिया है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि आज स्माल स्केल इंडस्ट्री जिसके बारे में हमारे माननीय सांसद महोदय ने कहा कि 12.7 परसेंट उसका 7वीं योजना में विकास हुआ है। हां, हुआ है, लेकिन उसके बाद क्या हुआ? क्या इस देश को यह जानने का अधिकार नहीं है? यह देश पूछना चाहता है हम सबसे कि यह उद्योग जो लघु उद्योग है, जिसमें एक करोड़ चौबीस लाख लोग काम करते हैं वह यह जानना चाहता है कि हमारा विकास होगा या अवरुद्ध हो जाएगा या इसमें रूकावट पैदा होगी? यह रुकावट पैदा हो चुकी है, उपसभाध्यक्ष महोदया, मेरे एक प्रश्न के उत्तर में उद्योग मंत्री ने स्वयं स्वीकार किया है कि हमारा 12.7 परसेंट का सातवीं योजना का जो लक्ष्य था वह हमें मिला लेकिन उसके बाद 1988-89 में वह 8.5 प्रतिशत रह गया और 1989-90-91 में वह केवल 5% रह गया। मैं समझता हूं कि अगर यही गति चलती रही इसके विनाश की ओर, अप्रगति की और उसको कुएं में धकेलने की तो मुझको लगता है कि शायद एक दिन आ जाएगा कि लघु उद्योग की जो फिगर्स हैं या उसके डेटाज हैं वह आपके सामने यह आयेंगे कि एक करोड़ चौबीस लाख लोग जो काम करते हैं, जो एक लाख पचपन हजार करोड़ रुपए का जो उत्पादन करते हैं ऐसा उद्योग जो 9 हजार एक सौ करोड़ रुपये का एक्सपोर्ट करता है, ऐसा उद्योग जिसमें केवल 20 हजार करोड़ रुपया लगा है वह मायनस में आ जायेगा, वह प्रगति के सोपान पर बढ़ने का सपना छोड़ देगा और वह केवल घुटन अनुभव करने लगेगा और शायद धीरे-धीरे अपने-आपको ऐसी स्थिति में ले आए कि वह फिर से सिक बन जाये, बीमार बन जाये और लोग बेरोजगार होना प्रारम्भ कर दें। हमारे स्माल इण्डस्ट्रीज की यह दुर्दशा क्यों बन रही है, इसका जवाब हमारी सरकार को देना होगा, कांग्रेस की सरकार को देना होगा, सांसदों को देना होगा इस देश को इसका जवाब देना पड़ेगा कि आखिर लघु उद्योग इस देश की जीवनी है, संजीवनी है और उसका अगर विकास नहीं हो पाएगा तो देश कहां जाएगा, देश का नौजवान क्या करेगा? जो उत्पादन मल्टी नेशनल कम्पनीज करेंगी जो सामान बाजार में जायेगा जब उसके पास हाथ में रोजगार नहीं होगा उसके पास खरीदने को रुपया-पैसा नहीं होगा तो यह मल्टीनेशनल के द्वारा बनाया हुआ समान कौन खरीदेगा? आखिर कौन खरीदगा उसको, उसका उपभोक्ता कौन होगा? एक तरफ देश में गरीबी बढ़ेगी दूसरी तरफ मल्टी नेशनल के सामान इस देश में डम्प हो जायेंगे तो यह इस प्रकार का विषमता का जो भाव पैदा होगा, इस प्रकार की जो एक विषमता पैदा होगी हमारे समाज में, हमारे राष्ट्र में तो वह हमारे सारे औद्योगिक ढांचे को चकनाचूर करके रख देगी, हमारे विकास के सारे मार्गों को अवरुद कर देगी, हमारे सारे सपनों को वह एक प्रकार से समाप्त कर देगी। मैं निवेदन करना चाहता हूं हमारे देश के सब कर्णाधारों से, कि कम से कम आप यह निर्णय लें कि हम लघु उद्योगों के बारे में यह जो घटोत्तरी होती जा रही है, यह जो क्रमिक ह्रास होता जा रहा है उसको कैसे रोकेंगे? इसके लिए आपको ठोस योजना देनी होगी और

यदि आपने ठोस योजना नहीं दी तो मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि इस देश का लघु उद्योग समाज चुप नहीं बैठेगा । इस देश के लघु उद्योग समाज के साथ जुड़े हुआरों-करोड़ों कर्मचारी बेकार नहीं बैठेंगे । वह आपके लिये कई प्रकार की कठिनाईयां पैदा करेंगे, समाज में अवरोध पैदा करेंगे । इसलिये मैं निवेदन करना चाहता हूं कि कृपा करके, अभी समय है, हम अपनी नीतियों के निर्धारण की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं, हम नीतियों के निर्धारण का काम कर रहे हैं, ऐसे अवसर पर हमें इस प्रकार का एक ठोस और दृढ़ निश्चय लेना चाहिए कि किसी कीमत पर, चाहे कितनी मल्टी नेशनल आयेंगी, चाहें किनी बड़ी कम्पनी इस देश में आयेंगी लेकिन इस देश के लघु उद्योग, इस देश के हस्तकला उद्योग, इस देश के अंदर छोटे-छोटे ग्रामों में चलने वाले उद्योगों के विकास के लिए निरन्तर धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी, उनको सब प्रकार के साधन-सुविधाएं प्रदान की जायेंगी । यह निर्णय यदि आपने नहीं किया तो मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि हमसे बारे में हम यदि चूक गये या हमने फिर कोई गलती की तो इस देश का इतिहास आपको और हमको कभी क्षमा नहीं करेगा । मैं इसलिए नीति-निर्धारकों से निवेदन करना चाहता हूं कि हस्तकला के लिए, कॉटेज इंडस्ट्रीज के लिए, रूरल इंडस्ट्रीज के लिए और लघु उद्योग के लिए आपको एक ठोस योजना केवल बातों से काम नहीं चलेगा, केवल तथ्यात्मक रिपोर्ट देने से काम नहीं चलेगा ।

वास्तविक धरातल पर खड़े रहकर आप उसके विकास के लिए कितना प्रयत्न और परिश्रम करने वाले हैं, इस बात को आपको प्रकट करना होगा और तभी जाकर हम देश की सच्ची विकास की जो गति है उसको प्रदान कर सकेंगे, अन्यथा केवल बड़े उद्योगों को लगाकर हम देश का सही विकास नहीं कर पाएंगे ।

महोदया, मैं इस विषय को छोड़कर आगे आना चाहता हूं । आज इस देश के अंदर एक घुन की तरह लग गया है और वह है-सरकारी उद्योग । इस सरकारी उद्योग की कथा और कहानी इस देश में और संसद में कई बार व्यक्त की जा चुकी हैं । मैं भी व्यथित मन से उसकी कथा को फिर एक बार शायद दोहरा ही रहा हूं, ऐसा मुझको लग रहा है । ऐसा मुझको लगेगा । लेकिन महोदया, इस देश में सरकारी उद्योग लगाने के लिये जिन लोगों ने प्रयत्न किया था, जिन लोगों ने नीतियां निर्धारित की थीं, उनमें से बहुत-सारे बंधु, वरिष्ठ सांसद लोग यहां बैठे हैं । उनको पता है कि उन्होंने इस नीति का निर्धारण किया था और उस समय बड़ी-बड़ी घोषणाएं की थीं कि इस देश का अगर विकास होना है तो केवल सरकारी उद्योगों के द्वारा होगा, इस देश को यदि आगे बढ़ाना है, दुनिया के विकसित देशों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है तो फिर हमको सरकारी उद्योगों को खूब पैसा देना होगा । इसका परिणाम यह हुआ कि आपने इन सरकारी उद्योगों को एक लाख सात हजार करोड़ रुपया प्रदान कर दिया । देश की इतनी बड़ी संपदा, चार लाख करोड़ रुपया जो हमने स्वदेशी और विदेशी माध्यमों से कर्ज लिया उसमें से एक लाख सात हजार करोड़ रुपया हमने इन उद्योगों को दे दिया । हुआ क्या, आखिर इन उद्योगों का बना क्या, अगर हम इसका आकलन और विवेचन नहीं करेंगे तो फिर इस देश के अंदर हम कैसे कह सकते हैं कि हमने पूरी ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वाह किया है ।

महोदया, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि सरकारी उद्योगों का क्या खाका बनकर रह गया है । वे आज हमारे लिये इतना बड़ा बोझ बनकर खड़े हो गए हैं कि हम अपनी कमर को भी शायद संभाल नहीं पा रहे हैं । हमारे कंधों में भी शायद इतनी ताकत नहीं बची है कि इन सरकारी उद्योगों के बोझ को हम संभाल पाएं । इस तरह के 244 उद्योग लगे हैं जिनमें एन०टी०सी० के नहीं हैं, बीमा के नहीं हैं, इंश्योरेंश के नहीं हैं । जिनके बारे में

श्री रामदास अग्रवाल

ये पहले कहा करते थे कि देश के विकास के लिये गतिमान साबित होंगे और भविष्य की नीतियों को निर्धारित करने वाले होंगे, ऐसा कहा जाता था लेकिन आज उनकी दुर्दशा हो रही है। मैं कुछ आंकड़ों के माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि इन उद्योगों में जिनमें एन० टी० सी० जिसमें करीब 1500 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

SHRI JAGESH DESAI : I would like to correct him. I would not like something wrong to go on record. This includes N.T.C. also.

SHRI RAMDAS AGARWAL : No, Sir. I don't agree with your view. I can prove this. This is on record.

SHRI S. K. T. RAMACHANDRAN (Tamil Nadu) : That is not his view. That is a fact.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ) : Even your name is in the list. When your turn comes you speak.

SHRI RAMDAS AGARWAL : I don't agree on fact also.

कांग्रेस की तरफ से भी बोलने वाले हैं। अगर मैं गलत बोल रहा हूं तो आप उस समय प्रतिकार करें। अगर मैं कोई गलती कर रहा होऊंगा तो उसको स्वीकार करूंगा। ये जो सरकारी उद्योग चल रहे हैं, इनकी जो दुर्दशा हो रही है उसका चित्रण बड़ा भयावह है और उस चित्रण को यदि हम अपने सामने नहीं रखते हैं तो मुझे अफसोस होगा कि हम आज भी अपनी नीति निर्धारण में गलती करने का काम कर रहे हैं। इसलिये मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इस प्रकार के जो और सरकारी उद्योग चलते हैं, जिनका हजारों-करोड़ों रुपयों का घाटा इस समय एक्युमुलेट हो चुका है, उनके बारे में हमें स्पष्टता से, दृढ़ता से यह फैसला करना चाहिये कि आखिर इनके भविष्य को लेकर हमारे देश के भविष्य को हम कब तक खतरे में डालते रहेंगे ?

इसलिये मेरा पुरजोर सुझाव है, मेरा सरकार से आग्रह है कि इन सरकारी उद्योगों के बारे में हमको एक ठोस नीति, सर्वमान्य नीति ऐडाप्ट करनी चाहिये जिसके माध्यम से हमारी सरकार पर, हमारे खजाने पर, हमारे देश पर जो बोझ बनकर खड़े हो गए हैं, यह बड़ा भयावह राक्षस जो हमारे कंधों पर बोझ है, हम उससे मुक्ति पा सकें अन्यथा इस देश का जो भी विकास होता है उसका रुपया इस खजाने से डाला जाता है, खजाने का नुकसान होता है।

महोदया, मैं एक छोटी सी बात निवेदन करूं। हमारे कांग्रेस के मित्र इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं कि यह सरकारी उद्योग जितने आज लगे हुए हैं उनकी बड़ी दुर्दशा है। वहां काम करने वाले ठेकेदार वहां काम करने वाले अफसर वहां से संबंधित राजनीतिक नेता, इन सबके सब लोगों का भरण-पोषण वहां होता है। वे बड़े अच्छे हैं, वे लाल हो रहे हैं, और इधर हमारी सरकार के जो कारखाने हैं वे दुबले होकर सूख रहे हैं। यह दुर्दशा आज चल रही है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इसके लिये सरकारी अफसर जिम्मेदार हैं। सरकारी नीति जिम्मेदार है और साथ ही जिन लोगों ने इस नीति का निर्धारण किया है उन्होंने इसको अपनी दूध देने वाली गाय बना लिया है। वे राजनीतिक जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं। इसलिये आज आवश्यकता इस बात की है कि इस दूध देने वाली गाय से अगर देश को दूध मिले तो अच्छा है लेकिन दूध यदि कुछ लोगों तक ही वितरित हो जाएगा तो यह देश के लिये लाभदायक सिद्ध नहीं होगा। इसलिये मैं निवेदन करना चाहता हूं कि सरकारी उद्योगों के बारे में हमें स्पष्ट नीति अपनानी चाहिये। एक सर्वमान्य नीति बनाकर हमें उस नीति को अपनाना चाहिये। **(समय की घंटी)**

महोदया, मैं दो मिनट और लूंगा, आप जानती हैं मैं ज्यादा नहीं बोलता हूं। दूसरी बात मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि जो आज देश के औद्योगिक विकास के लिये खतरनाक बात साबित हो रही है वह यह है जिसके बारे में तीन चार दिन से बड़े जोरों से इस सदन में भी मामला उठा था और वह था शेयर मार्केट का। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि शेयर मार्केट में जो रुपया लगाया जा रहा है वह छोटे लोगों का लग रहा है। छोटे छोटे काम करने वाले जो इन उद्योगों में निवेश करते थे, छोटे छोटे अंचलों में जो रुपया लगा सकते थे आज उन लोगों की प्रवृत्ति यह हो गई है कि वह शेयर मार्केट की तरफ जा रहे हैं। आप क्या लोगों को यही संस्कार दे रहे हैं कि आप लोग सट्टे लगाएं। आपने शराब की दुकानें खोल दीं आमदनी बढ़ाने के लिये। आपने लोगों को शेयर मार्केट में सट्टा लगाने के लिये रास्ता खोल दिया तो हम देश के चरित्र को गिरा कर शेयर मार्केट की तरफ ले जा रहे हैं। शेयर मार्केट चले, बहुत अच्छा है, औद्योगिक विकास के लिये शेयर मार्केट का चलना जरूरी है लेकिन जिस ढंग से हिन्दुस्तान में शेयर मार्केट चल रहा है यह हमारे औद्योगिक विकास के लिये खतरनाक साबित हो सकता है इसलिए मैं आग्रहपूर्वक आपसे कहना चाहता हूं कि शेयर मार्केट की तरफ लोगों को रुझान को आपको रोकना होगा।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : रामदास जी, आपका समय समाप्त हो रहा है।

श्री रामदास अग्रवाल : अंत में मैं एक और बात कह देना चाहता हूं कि आज देश के अंदर जितने उद्योग लगे हैं वह चाहे उड़ीसा में हों चाहे बिहार में हों, चाहे अन्य प्रान्तों में हैं, जहां पावर कट लागू होता है, जहां विद्युत का अभाव है, ऐसे मौकों पर आम तौर पर ऐसा होता है कि आप लोगों से उद्योग लगाने के लिये कहते हैं और दूसरी तरफ जब उद्योग धंधे लगते हैं तो उनको पावर नहीं मिलता है। उसके कारण वह दुनिया के अन्दर अपने प्रोडक्ट को सस्ता नहीं कर सकते। ऐक्सपोर्ट ओरियेंटेड जो यूनिट्स लगाने का आप आग्रह करते हैं, उनको सस्ती पावर नहीं देंगे तो वह कैसे विकास कर सकेंगे। इसलिये मैं निवेदन करना चाहता हूं कि जो हंड्रेड परसेंट ऐक्सपोर्ट ओरियेंटेड यूनिट्स हैं उनके बारे में आपको सोचना चाहिये जैसा कि जापान में होता है। वह अपनी तमाम चीजों को ऐक्सपोर्ट करता है। उसके पास कोई ऐसी इंडस्ट्री है तो उसको वह 25 पैसे में पावर देता है लेकिन हिन्दुस्तान में जो ऐक्सपोर्ट करता है वह पावर पाता है रु० 1.50 से लेकर रु० 1.80 प्रति यूनिट की दर से। तो ऐसी पावर इंटेंसिव यूनिट्स किस प्रकार से अपने उत्पादन को इंटरनेशनल मार्केट में कंपीट करके जापान या अफ्रीकन देशों से मुकाबला कर सकती हैं ?

इतना ही कहते हुए मैं कहना चाहता हूं कि हमारी औद्योगिक नीति के ढांचे को आज परिवर्तन का स्वरूप मिल रहा है। ऐसे अवसर पर हमें मानवतावादी दृष्टिकोण अपनाना चाहिये और हमें जो अनुभव प्राप्त हुए हैं उनका सही आत्मविवेचन करते हुए हमें ऐसी नीति निर्धारित करनी चाहिये जिससे देश प्रगति के सोपान पर बढ़ सके। औद्योगिक विकास हमारे देश के विकास का प्रतिबिंबित हो। यही कहते हुए मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे समय दिया।

चौधरी हरि सिंह (उत्तर प्रदेश) : उप सभाध्यक्ष महोदया, किसी भी राष्ट्र की उन्नति और प्रगति तथा उसकी दृढ़ता और मजबूती के लिये उसका इंडस्ट्रियल आधार, उसका फाउंडेशन या उसकी नींव मजबूत होना बहुत जरूरी है। आज सारा विश्व और आप भी जानती हैं कि इंडस्ट्री के सहारे ही दुनिया के लोग अपने मुल्क को खुशहाल बना रहे हैं। मुझे इस बात को कहते हुए बड़ी खुशी है कि इसी चीज को ध्यान में रखते हुए हमारे भूतपूर्व और राष्ट्र

[चौधरी हरि सिंह]

के प्रथम प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने इस बात को बड़े ध्यान में रखकर हिन्दुस्तान के इंडस्ट्रियल बेस को मजबूत करने के लिये हैवी इंडस्ट्रीज और दूसरे किस्म की इंडस्ट्रीज की नींव इस देश में डाली ताकि आने वाले समय में वह सफल हों, मजबूत हों और मुल्क तरक्की करें। इसके बाद हमारी प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी और राजीव गांधी ने भी इंडस्ट्रीयलाइजेशन की तरफ ध्यान दिया था। राजीव गांधी जी ने तो मुल्क को माडर्न इंडस्ट्री आधुनिक इंडस्ट्री के बारे में जो कंसैप्शन दिया, जो उसकी नींव डाली वह भारत के लिये एक अजीब शस्त्र साबित हुआ। आप देखते हैं यूरोप की एडवांस कंटरीज के अन्दर जो इंडस्ट्रीज पाई जाती है चाहे वह हैवी इंडस्ट्री हों, चाहे स्माल स्केल इंडस्ट्री हों वह सारी की सारी इंडस्ट्रीज दुनिया भर में करोड़ों रुपये की, अरबों रुपये की धनराशि दूसरे मुल्कों से कमाती हैं उनके मुकाबले हमारे मुल्क में जो अल्ट्रा माडर्न इंडस्ट्रीज हैं इनकी आधारशिला राजीव जी ने डाली थी। इस वक्त वह हमारे देश में प्रतिफल दे रही है। इससे हमारा मुल्क बहुत जल्दी ऊंचाई पर पहुंचने वाला है इससे इंकार नहीं किया जा सकता।

आज जो इस सदन में मौजूदा चर्चा हो रही है इंडस्ट्री विभाग की समीक्षा, पालिसी पर, नीति पर, प्राप्तियों और उपलब्धियों के संबंध में मैं यह कहना चाहता हूं कि जो इंडस्ट्रीयल पालिसी मौजूदा है उसमें जो लिबरलाइजेशन किया है उससे इंडस्ट्रीयलिस्ट्स को सुकून मिला है। बहुत सारे लोग जो इंडस्ट्री लगाना चाहते थे, लेकिन डर कर भाग गए थे वे अब फिर आ गए हैं, उन्होंने इंडस्ट्री लगाना शुरू कर दिया है। पहले इंडस्ट्री वाले दौड़ते रहते थे, भागते फिरते थे, लाल-फीता शाही में फंसे रहते थे, उसके लिए इंडस्ट्री लगाना असंभव हो गया था, कई लोग थक कर बैठ गए थे अब उन्हें एक बहुत बड़ा साहस मिला है। आप देख रहे हैं सारे राष्ट्र के अंदर नई-नई इंडस्ट्री लगाने का उत्साह बना है। मैं समझता हूं आगामी वर्षों में देश में किसी भी एडवांस कंटरी से यह पीछे नहीं रहेगा। जैसा मैंने पालिसी का जिक्र किया कि बहुत सारी उपलब्धियां और इसके नए मार्गदर्शक निकाले हैं उनकी ओर से जाना चाहता हूं।

जिस क्षेत्र से मैं आता हूं वह किसानों का है, खेती वालों का है। इस संबंध में जो नई पालिसी बनाई है उसकी तरफ आपका ध्यान खींचना चाहता हूं। शुगर इंडस्ट्री के बारे में बताना चाहता हूं। जो हमारा रीजन है खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शुगर इंडस्ट्री इस प्रदेश की इकनोमी को बढ़ाने वाली, उन्नतिशील और गतिशील देने वाली इंडस्ट्री है। इसके पहले बहुत सी बड़ी अजीब-अजीब शर्तें थी। जैसे कि 25 मील की दूरी पर कोई दूसरी शुगर इंडस्ट्री नहीं लगेगी। इस नई निति के मुताबिक अगर गन्ने की अवेलेबिलिटी है, गन्ना मिलता है तो 15 मील की दूरी पर भी शुगर इंडस्ट्री लग सकती है। इतनी दूरी के लिए भी दूसरा लाइसेंस दिया जा सकता है। इसके साथ-साथ एक शुगर मिल एक दिन में 2,500 टन शुगर केन क्रश कर सकती है। बिना रोकटोक के और थोड़ी दूरी पर भी दूसरा लाइसेंस दिया जा सकता है। मैं कहना चाहता हूं यह जो नई निति अपनाई गई है इससे बुनियादी मजदूर जो है, किसान है, जो छोटे उद्योगपति हैं, जो छोटा काम करने वाले हैं, हैंडीक्राफ्ट्स का काम करने वाले हैं उनको नई पालिसी से बहुत उत्साह मिला है।

यह जो मौजूदा पालिसी है यह हमारी इंडस्ट्रीयल पालिसी का कायाकल्प कर देगी। उसके रिजल्ट आने दीजिए। आजकल लोगों में बेचैनी इस बात की है कि कहा जा रहा है कि प्राइवेटाइजेशन हो रहा है, हैवी इंडस्ट्री में मल्टीनेशनल आ जाएगी। मैं कहना चाहता हूं दुनिया में आज एक मुल्क दूसरे मुल्क पर डिपेन्डेंट रहता है। कोई मुल्क हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठा रहता। कहीं

से कोई भी लेटेस्ट और फास्टेस्ट टेक्नोलोजी अवेलेबल हो तो वह उसको लेता है। जापान ऐसा मुल्क है जो बहुत छोटा मुल्क है। लेकिन सबसे बड़ी गजब की उसकी थ्योरी है, फिलोसिफी है। हर चीज को छोटी कर देता है। बड़ी कारें सारे इंगलैंड में है। वहां बड़ी सुन्दर और धीमी गति से चलने वाली कारें हैं, बहुत पुरानी हैं। लेकिन जापान ऐसा है कि इकोनोमिक कार, बड़ी सुन्दर कार बना कर बाजार में लाता है। आज सारे मुल्क के अन्दर इवन अमेरिका में, इंगलैंड में, स्विटजरलैंड में यानी जितने भी डवलप्ड कंटरीज हैं उनमें जापान की कार जाती है क्योंकि वह अपनी नई टेक्नोलोजी डवलप करते हैं। यह टेक्नोलोजी अकेली डवलप नहीं होती। बहुत सारी टेक्नोलोजी मिलकर एक नई टेक्नोलोजी तैयार होती है। जो लोग चाहते हैं कि हम कुएं का मेंडक बने रहें उनसे मैं एग्री नहीं करता। यह जरूर है कि अपना आधार नहीं खोना चाहिए। यह नहीं कि आपके पैर उठकर दूसरी तरफ चले जाएं, या दूसरे के बिल्कुल दास हो जाएं, मोहताज हो जाएं। जो हिन्दुस्तान की इकोनोमिक और इंडस्ट्रीयल पालिसी बनाने वाले हैं, कारखाने चलाने वाले हैं वे बेखबर नहीं हैं। हमारा मुल्क बिल्कुल दूसरे मुल्कों पर डिपेन्डेंट मुल्क है ऐसा नहीं है। आखिर यह मुल्क एक दिन का मुल्क नहीं है, हजारों, लाखों साल पुराना मुल्क है। इसको आसानी से कोई इंडस्ट्री वाला या कोई केपिटलिस्ट या बड़े कारखाने वाला अपना बना ले, यह संभव नहीं है। जैसे मैंने कहा, यह जो हमारी नई इंडस्ट्रीयल पालिसी है, इसके नए चमत्कार आएंगे। इसका नतीजा मुल्क के लिए अच्छा होगा।

जहां तक छोटे उद्योगों का सवाल है, उसमें जो लोग अपना इंवेस्टमेंट करना चाहते हैं वे अब कर सकते हैं। पहले वह 35 लाख रुपयों से 60 लाख रुपए किया गया था और उसको 45 लाख से 75 लाख तक कर दिया गया है। अब कोई इस सीमा तक इंवेस्टमेंट करना चाहता है तो उसको छूट दी गई है। इसलिए कोई भी आदमी जब 65 लाख रूपए तक का काम बड़ी आसानी से कर सकता है। हमारी इस नई इंडस्ट्रीयल पालिसी से निराशा का वातावरण बनने वाला नहीं है। अभी एक सांसद गवर्नमेंट अन्डरटेकिंग्ज की बात कर रहे थे। अगर आप गवर्नमेंट अन्डरटेकिंग्ज को देखें तो आपको पता चलेगा कि उसमें भी मुनाफा हो रहा है। आपको यह जानकर ताज्जुब होगा कि ये संस्थाएं 2.53 लाख लोगों को रोजगार देती हैं। हमारे पब्लिक सेक्टर्स में इतने लोग काम करते हैं। पिछले 1989-90 में इनमें 7894 करोड़ रुपया लगा था और 1991-92 में यह 9720 करोड़ रुपए हो गया है। इसका नतीजा यह होगा कि अगले साल में 11 प्रतिशत को बढ़ोतरी हो जाएगी। इस तरह से हमारे पब्लिक सेक्टर अन्डरटेकिंग्ज में किसी तरह का लौस होने वाला नहीं है। यह जरूर है कि हमारे जो पब्लिक अन्डरटेकिंग्ज हैं उनमें कहीं पर अनुशासनहीनता की वजह से, कहीं पर लगन में कमी होने की वजह से, एफिसिएन्सी न होने की वजह से, लेबर प्राबलम्स की वजह से कुछ कठिनाइयां हो सकती हैं। इसमें हमारी थोड़ी सी बदकिस्मती रही कि हम अपने देश के नागरिकों में देश-भक्ति और अपने मुल्क को अपना समझने की अटूट आस्था पैदा नहीं कर पाए। अपने धर्म और अपने परिवार तथा निजी सम्पत्ति से भी देश को ऊपर समझने की भावना पैदा करने की जरूरत है। आज इस भावना को जागृत करने की जरूरत है। आज एक भय भी चल रहा है कि कोई भी अन्डरटेकिंग हो या कोई सरकारी होटल हो, लोग समझते हैं कि अगर यह घाटे में चलेगा तो सरकार इसको खत्म कर देगी, प्राइवेट हाथों में दे देगी। एक तरह का डिप्रिएन्सन चल रहा है। मैं समझता हूं कि इस डर की वजह से लोग वक्त पर आने लगे हैं और ठीक काम कर रहें हैं। इससे इस संस्थाओं को मुनाफा भी होगा। इसमें आपको थोड़ी होशियारी से कुछ लेना और देना पड़ेगा। किसी भी कामर्स को चलाने के लिए एक्स्ट्रा रुपया

[चौधरी हरि सिंह]

खर्च करना पड़ता, है । मिसाल के तौर पर मैं कहना चाहता हूं कि जैसे हमारे होटल्स हैं, वे अक्सर नुकसान में जाते हैं । इसकी वजह यह नहीं है कि खाना खराब है या हमारी सर्विस खराब है या हमारे लोग रिसेप्टिव नहीं हैं । हमारे लोग उम्दा से उम्दा हैं । लेकिन हमारा बेतहाशा खर्च दूसरी चीजों पर होता है । ग्राहकों को हम इतना कंसेशन दे देते हैं कि इसकी वजह से दूसरे ग्राहकों को लाते हैं, लेकिन उनको जो पार्टियां देनी पड़ती हैं, सेमिनार रखने पड़ते हैं, उनमें बहुत खर्च हो जाता है । मैंने यह मिसाल राष्ट्रीयकृत होटलों की दी है । इनको हमारी सरकार को कुछ ज्यादा रुपया देना होगा ताकि वे प्राइवेट लोगों से कम्पीट कर सकें । इन संस्थाओं का पब्लिसिटी के ऊपर बहुत खर्च होता है । इसलिए जो यह डर बना हुआ है कि सरकारी सेक्टर में जो चीजें हैं उनमें अफसर खा जाते हैं, कर्मचारी खा जाते हैं, इसको दूर करने की जरूरत है । हम इस बात को भी डिस्कार्ड नहीं कर सकते हैं कि अगर सब चीजें प्राइवेट हाथों में आ जाएंगी तो जो प्राइवेट इन्टरप्राइजेज हैं वे सब कुछ कारगर कर लेंगी और रीयल रूलर हो जाएंगे । इसलिए हमें प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर को साथ-साथ रखना होगा ।

बेस इंडस्ट्री अपने हाथ में रखी है । अमेरिका में पोस्टल और टेलीफोन यह भी सब प्राइवेट इंडस्ट्री के हैंडस में है । मैंने पिछले दिनों एक आर्टिकल पढ़ा था, उसमें था कि इसमें कितने स्ट्रांग हैंड्स से उसको दबाया हुआ है और वहां की हालत हमारे यहां से भी खराब हो रही है । इसलिए जो प्राफिट इंसेंटिव है इसमें महज यह नहीं होना चाहिए बल्कि राष्ट्र और नागरिकों को वह अवेलेबल रहे यह भी दृष्टि में रखना चाहिए । यह नहीं कि अगर लास हो रहा है तो प्राइवेट सेक्टर को दे दो । हमें इस मुल्क को बेलेंस से चलाना है । हमें प्राइवेट और पब्लिक अंडरटेकिंग्स को साथ-साथ चलाना है । जब देश में इंडस्ट्रिलाइजेशन कंपलीट होगा तभी मुल्क सेल्फ सफिसियेंट हो सकेगा । हमारे साथ बहुत सारे मुल्क आजाद हुए । वे कितने आगे बढ़ पाए, कहां उनकी आगे तरक्की हो पायी ? हमारे मुल्क के कल्चर की बहुत तारीफ की जाती है । हमारी सभ्यता, हमारी संस्कृति, शिक्षा की बहुत तारीफ होती है । लेकिन अगर हम बारीकी से देखें तो यह हमारी प्रगति में रोड़ा है । समाज का जो वर्गीकरण है उसको मैं देश के लिए, देश की प्रगति के लिए, देश की तरक्की के लिए, बहुत उपयुक्त नहीं समझता । यहां हो काम के आधार पर आदमी छोटा और बड़ा हो जाता है इसलिए जैसा मैंने कहा जो हमारी रूढ़िवादी संस्कृति है, जो प्राचीन संस्कृति है यह भी हमारे इंडस्ट्रियल प्रोग्रेस के लिए उपयुक्त नहीं है । इसमें यह भी दिक्कत है । महोदया, मैं इसमें बहुत सारी चीजों में न जाकर कहना चाहूंगा और जैसा कि अभी हमारे अग्रवाल जी खादी इंडस्ट्री की बात कर रहे थे, वह यह ठीक कह रहे थे कि यह सबसे बड़ी इंडस्ट्री है जो रोजगार प्रदान करती है । मुझे खुशी है कि खादी और ग्रामोद्योग का जो फार्मेशन रहा है वह बहुत अच्छा रहा है और इस इंडस्ट्री ने प्रोफिट किया है । अखबारों में आता रहा है, मैगजीन्स के अंदर पढ़ने को मिला है कि खादी और ग्रामोद्योग इंडस्ट्री को बड़ा भारी मुनाफा हुआ है, वह घाटे में नहीं है, आपजानते हैं कि मिल के मुकाबले उसका टिकना मुश्किल सोता है वह खूबसूरती उसमें नहीं लेकिनखादी एक मिशन है, लाइफ की, जीवन वह एक स्प्रिट है, भावना है तथा सैक्रीफाइस है, लेबर की अपने पास से देने की इसमें एक भावना है । जो यह सोचते हैं कि खादी और ग्रामोद्योग जो है वह कमर्शियल मिल के साथ कंपीट करे, लेकिन सवाल यह नहीं है । आप जानते हैं कि करोड़ों आदमी इसमें लगे हुए हैं । करीब ढ़ाई लाख से ऊपर गांव इस इंडस्ट्री में आते हैं और करीब 60 लाख से ऊपर आदमी इसमें लगे हुए हैं, अनेकों स्त्री और मजदूर इसमें काम करते हैं। मेरे ख्याल में जो इसका प्रोडक्शन

बढ़ा है यह 16 प्रतिशत बढ़ा है और जो इसका टर्न ओवर हुआ है इसमें भी अरबों रुपए का अंतर आया है। यह बड़ा शुभ लक्षण है। हमको यह नहीं सोच लेना चाहिए कि खादी और ग्रामोद्योग—बहुत सारे लोग कहते हैं कि आजकल खादी एक लक्जरी हो गई है, वेस्टेज आफ दि मनी हो गई है। किसी जर्मन स्कालर ने कहा है कि जो खादी है वह एक लक्जरी है और उसका पहनना वेस्टेज आफ मनी है। लेकिन मान्यवर मैं सदन को बताना चाहता हूं कि वहां मुट्ठीभर आबादी है और वहां पर आबादी न बढ़ने की समस्या पैदा हो गई है। वहां पर कपड़े पहनने वाले लोग ही नहीं हैं, नई संतति नहीं आ रही है। वहाँ अबादी न बढ़ने का क्रम मैं बता रहा हूं, तो ऐसे मुल्क में यह बात कही जा सकती है। लेकिन हमारे यहां खादी और ग्रामोद्योग, काटेज इंडस्ट्री और हैंडलूम सेक्टर जो है यह लोगों को बड़ी तादाद में रोजगार देते हैं। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि इन इंडस्ट्रीज के सामने समस्या आ गई है और वह समस्या है मार्केटिंग की। आज उसके बनाए हुए जो कपड़े हैं, जो फाइन चीजें हैं उनके मार्केटिंग की व्यवस्था नहीं है उसका मार्केटिंग बड़े अच्छे पैमाने पर नहीं हो रहा है। उनके द्वारा बनाई हुई चीजों को बाहर नहीं भेजा जा रहा है और देश के अंदर बिक्री के लिए प्रचार आदि की सुविधा नहीं दी जा रही है।...

(समय की घंटी)...

